

02

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 09 सितंबर 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, मूल्य 2.00 रुपए


**सम्मान**

### चंडीगढ़ राजभवन में यूथ रेडक्रॉस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल ने की शिरकत

## प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता को किया रजत पदक से सम्मानित

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में आयोजित यूथ रेडक्रॉस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय द्वारा गुरुवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता को रजत पदक से सम्मानित किया।

उन्हें यह सम्मान वर्ष 2019-20 में उनके द्वारा यूथ रेडक्रॉस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को महाविद्यालय में संचालित करने के लिए एवं अन्य संबंधित उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय को भी यूथ रैड क्रॉस शील्ड से नवाजा गया साथ ही महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस काउंसलर डॉ जयपाल सिंह, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग को भी यूथ रैड क्रॉस काउंसलर अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य और यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डॉ जयपाल सिंह को भिन्न-भिन्न



सम्मानित होते हुए अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य केके गुप्ता।

अवसरों पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है। महाविद्यालय अपनी यूथ रेड क्रॉस की इकाइयों के स्वयंसेवकों और काउंसलरस के माध्यम से भिन्न-भिन्न गतिविधियां जैसे कि रक्तदान शिविर,एनीमिया जांच एवं उपचार शिविर, नेत्रदान, आत्मसुरक्षा के लिए छात्राओं की कार्यशाला, एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर, अंगदान स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य वार्ता, प्राथमिक चिकित्सा, प्रशिक्षण, जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर, दंत जांच शिविर, गोद लिए हुए गांवों में स्वास्थ्य जांच शिविर, नशा मुक्ति,स्वच्छता, पर्यावरण एवं सडक सुरक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम एवं रैलियां, वृक्षारोपण, जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता इत्यादि स्वयं एवं प्रशासन के साथ मिलकर प्रतिवर्ष कराता रहता है।

महाविद्यालय एवं प्राचार्य की इस उपलब्धि पर प्रबंध समिति के प्रधान देवेंद्र गुप्ता, उपप्रधान डॉ वासुदेव गुप्ता, महासचिव विनोद मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रवीण मित्तल, प्रबंध समिति की कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई दी।